





## एक नजर में

### 14 सितंबर को ग्राम कालमुखी में आयोजित होगा वृहद स्वास्थ्य शिविर

**खंडवा।** कमिश्नर इन्दौर संभाग इंदौर के निर्देश अनुसार संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में जिला प्रशासन के सहयोग से मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर हायर सेकेण्ड्री स्कूल कालमुखी में आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों की विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी। शिविर में इंदौर के प्रसिद्ध प्राईवेट डॉक्टर्स एवं मेडिकल कालेज के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा भी सेवाएं दी जायेंगी। इस स्वास्थ्य शिविर में इन्दौर कैंसर फाउंडेशन, बॉम्बे हॉस्पिटल, अपोलो राजश्री इन्दौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हास्पिटल, चौईथराम हास्पिटल, शैल्वी हास्पिटल, एलएनसीटी चिकित्सा महाविद्यालय, विशेष जुपीटर, मेंदाता हास्पिटल इन्दौर, केयर सीएचएल अस्पताल इन्दौर, मेडिकल कालेज इन्दौर के विशेषज्ञ, मेडिकल कालेज खण्डवा एवं जिला अस्पताल खण्डवा के विशेषज्ञों द्वारा सेवायें दी जायेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसिन, जनरल फिजिशन, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, बाल हृदय रोग, गेस्ट्रोलॉजी, नाक कान गला रोग, रेडियो थेरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर, सिकल सेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, दन्त रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे विभागों के चिकित्सकों द्वारा इन रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। इसके साथ ही मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पेथोलॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में मरीजों को दवाईयों का नि:शुल्क वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही शिविर में दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, भी प्रदान किये जायेंगे।

### भूमि पूजन कार्यक्रम



**मून्दी।** ग्राम भादलीखेडा में सीसी रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक नारायण पटेल के साथ जिला पंचायत सदस्य सखाराम यादव जिला महामंत्री सुरजपाल सिंग सोलंकी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, सरपंच महेश जायसवाल, वरिष्ठ नेता चेतराम नायक, मंडल महामंत्री रतन राठौर, दिनेश प्रजापति, जनपद सदस्य कालू भाई, सरपंच प्रतिनिधि दुर्गेश गुर्जर, अमरसिंग, सरदार भाई, पुर्व सरपंच दिवान आदि कायकर्ता ग्राम वासियों के साथ भूमि पूजन के साथ प्रधानमंत्री आवास में एक परिवार के ग्रह प्रवेश कर राम मन्दिर के लिए ग्रामीणजनों की मांग पर 5 लाख की घोषणा की गई।

### वाहन चालकों के विरुद्ध की गई एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई

**खंडवा।** जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 20 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 10300/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### कलेक्टर गुप्ता ने उर्वरक वितरण केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाएं देखी



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को इंदौर रोड स्थित मार्कफेड के डबल लॉक सेंटर का निरीक्षण कर किसानों के लिए उर्वरक वितरण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से चर्चा कर खाद वितरण व्यवस्था के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री के.आर. बडोले और मार्कफेड की जिला प्रबंधक श्वेता सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान जिला प्रबंधक श्वेता सिंह ने कलेक्टर श्री गुप्ता को बताया कि उर्वरक वितरण के लिए किसानों को एक दिन पूर्व टाइम स्लॉट निर्धारित कर टोकन वितरित कर दिए जाते हैं, जिससे वे अगले दिन अपनी सुविधा अनुसार पूर्व निर्धारित समय पर आकर बिना लाइन में लगे खाद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए टोकन नंबर डिस्प्ले की व्यवस्था भी की गई है, जिससे कि किसान दूर से ही यह देख सकें कि किस टोकन नंबर वाले किसानों को अभी उर्वरक मिल रहा है, और उनका नंबर कब आएगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरक क्रय करने के लिए आने वाले किसानों की सुविधा के लिए पेयजल एवं शेड की व्यवस्था करें, ताकि पीने के पानी के लिए उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े, और वर्षा ऋतु में उर्वरक लेने के लिए आने वाले किसान परेशान ना हों। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उर्वरक वितरण काउंटर पर नियुक्त कर्मचारियों से भी चर्चा की और उन्हें निर्देश दिए कि उर्वरक के लिए आने वाले किसानों को निर्धारित मात्रा में टोकन नंबर के अनुसार निश्चित टाइम स्लॉट में उर्वरक वितरित की जाए।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 34.6 मिली मीटर हुई औसत वर्षा

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 34.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे खंडवा तहसील में 19 मिलीमीटर तथा हरसूद तहसील में 62 मिलीमीटर, पंधाना में 25, पुनासा में 20 एवं खालवा तहसील में 47 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 3 सितंबर तक जिले में 779.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 621 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 726 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 548 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 494 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 602 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 735 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि.मी. है।

### डोल ग्यारस पर तीर्थ नगरी में डोला निकला



**ओंकारेश्वर।** राजमहल से जल झूलनी एकादशी के पावन पर्व पर भगवान बालकृष्ण जी का डोला निकला। ढोल धमाके के साथ मंदिर कोटितीर्थ घाट एवं मुख्य मार्केट से होकर डोला वापस राजमहल गया। मार्ग में जगह-जगह महिलाओं ने यशोदा मैया की गोद भरी। ककड़ी, केला, गेहूं और भेंट नारियल चढ़ाया जगह-जगह आरती की गई।

# किलर-वे पर मौतें रोकने के लिए वर्दीवालों की नई टेक्निक!

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। इंदौर-इच्छापुर "किलर -वे" पर दुर्घटना में मौतों का आंकड़ा आसमान छू रहा है। धनगांव थानाक्षेत्र के अंधे मोड़ अब भी काम नहीं हुए हैं। नया रोड बनने के कारण कई स्पाट तो सीधे कर दिए हैं। ब्लैक स्पॉट वाले इन क्षेत्रों पर सपा की कड़क निगरानी शुरू हो गई है।**

### यह सब कर रही वर्दीवालों की टीम

कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अनुपालन में थाना धनगाँव अंतर्गत एक्सीडेंट स्पॉट (ब्लैक स्पॉट) पर लोगों की मृत्यु दरों को कम करने के उदेश्य से निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय व निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी यातायात एवं थाना प्रभारी धनगाँव निरीक्षक गंगा प्रसाद वर्मा द्वारा ब्लैक स्पॉट का सूक्ष्मता से एवं निरीक्षण किया गया। सड़क के किनारे चेतावनी चिन्हों और गति सीमा बोर्डों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

सुरक्षित ड्राइविंग के नियम समझाए जा रहे हैं। थकान वाले ड्राइवरों को रोकने के लिए ट्रैफिक जांच बढ़ाई गई है। दुर्घटना ग्रस्त इलाकों में यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाई जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी कैमरों से नियमों का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है।



### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नाप रहे स्पीड

कैमरों से वाहन चालकों की स्पीड देखी जा रही है। थके हुए ड्राइवरों को चेतावनी दी जा रही है। शराब पीने वाले वाहन चालकों की तो खैर नहीं है। यातायात टीम द्वारा थाना धनगाँव क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटना को कम करने के लिए ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर किया गया।



### आन रोड सेफ्टी का पालन करने के लिए पुलिस बल को और सख्त कर दिया



पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि यातायात विभाग और धनगांव पुलिस को इस काम में चेतावनी देकर लगा दिया है। चिकने और व्यवस्थित रोड होने के कारण लोग तेजी से वाहन चला रहे हैं। कैमरे लगाकर भी निगरानी की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक संसाधन यातायात विभाग को और मुहैया कराए गए हैं। कमेटी आन रोड सेफ्टी का पालन करने के लिए पुलिस बल को और सख्त कर दिया गया है।

## अपहरण एवं बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। किल्लोद पुलिस में एक मामला दर्ज हुआ कि एक नाबालिग युवती गायब हो गई है। संदेही व्यक्ति पर खोजबीन शुरू हुई और पुलिस ने आरोपी से नाबालिग युवती को बरामद कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।**

घटना 2 अप्रैल 2025 की है। रिपोर्ट में लिखाया गया कि नाबालिग बच्ची बिना बताए घर से कही चली गई है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया।

संदेही व अपहर्ता की तलाश पतारसी के दौरान तकनीकी सहायता से खोजबीन शुरू हुई। पुलिस टीम द्वारा भीकनगांव के पास से जिला खरगोन से अपहृता नाबालिक बालिका को आरोपी आकाश पिता सुरेश पवार उम्र 23 वर्ष थाना किल्लौद के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया। आकाश को गिरफ्तार कर खंडवा के विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जिला जेल भेज दिया।



## जिले मे त्योहारों के मद्देनजर 28 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में त्योहारों के मद्देनजर 12 गिरफ़्तारी वारंट, 63 जमानती वारंट, 139 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर कुल 28 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 16 प्रकरणों मे 21 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण मे 07 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गईहै। जिले में कुल 15 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गईहै।

थाना मूंदी के आरोपीगण 01 अकिल पिता जाकीर शाह उम्र 19 साल, 02 अफजल पिता गुलाम नबी कुरैशी उम्र 45 साल व 03 युसुफ पिता गफुर खान मंसुरी उम्र 57 साल तीनो मूंदी के कब्जे से 52 ताश पत्ते व नगदी 700 रुपये जप्त किये गए7 आरोपीगण 01 रहमान पिता ईशाद पठान उम्र 25 साल, 01 शम्मी अली पिता शाह अली उम्र 45 साल व मोह. अनस पिता मोह. युनुस उम्र 30 साल तीनो निवासी मूंदी के कब्जे से 52 ताश पत्ते व नगदी 500 रुपये जप्त किये7 उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गईहै।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पिपलोद के आरोपी मुंशी पिता उमराव गोलकर जाति भील उम्र 65 साल निवासी बलवाडा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 600/- रुपए की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गईहै।

## सिमी के गढ़ रहे खंडवा में फिर अंकुर तो नहीं फूट रहे?

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। पहले सिमी का गढ़ रहा खंडवा अब फिर स्लीपर सेल के रास्ते पर पुलिस को नजर आ रहा है। सिमी के पूर्व सदस्य मोहम्मद जलील पिता मोहम्मद अखिल खिलजी, अलहिरा स्कूल के पास, गुलमोहर कॉलोनी को देसी कट्टे और सात कारतूस समय पुलिस ने माल गोदाम के पास घूमता हुआ पकड़ा। पूछताछ के लिए उसे महाराष्ट्र की एटीएस अपने साथ ले गई।**

### कट्टा और कारतूस लेकर घूमते मिला

खंडवा पुलिस त्योहारों को ध्यान में रखकर सघन अभियान चला रही है। उसी के चलते पता चला कि एक लाल रंग की शर्ट पहने व्यक्ति देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। उसे पकड़ा गया तो वह कोतवाली पुलिस को संदिग्ध दिखा। रिकॉर्डधारी होने के कारण उससे और पूछताछ की गई।

### सिमी का पूर्व सदस्य है जलील

आरोपी मोहम्मद जलील प्रतिबंधित संगठन सिमी का पूर्व सदस्य है, जिसके विरुद्ध पूर्व में अवैध हथियार रखना एवं राष्ट्र के विरुद्ध अवैध गतिविधियों में सलंग्न होने तथा लडाई-झगडा, मारपीट व लोकसेवक के आदेशो की अवेहलना करना जैसे अपराध पंजीबद्ध है।

### सिमी के पूर्व सदस्य को देसी कट्टा और 6 कारतूस समेत पुलिस ने गिरफ्तार किया

### कोतवाली में मामला दर्ज

गणेश पर्व के त्यौहार के कारण आरोपी पर सतत् निगरानी एवं नजर रखते हुए उक्त पिस्टल एवं कारतूस बरामद किया जाकर थाना कोतवाली में अपराध अप.क्र. 502/25 धारा 25(1-B) (a) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को न्यायालय खंडवा पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया था।

### इनकी सराहनीय भूमिका

इस सफलता के बाद पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने कोतवाली थाने की टीम को 5000 रुपए का इनाम घोषित किया है। थाना कोतवाली से निरी. अशोक सिंह चौहान, उपनिरी मनोज दवे, प्र.आर. 69 लतेश तोमर, प्र.आर 456 अमर प्रजापति आर. 708 अरविन्द तोमर, आर. 272 आलेस सिंह बैस, आर. 820 राहुल सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।



## बीकानेर शिर्डी का खंडवा स्टॉपेज

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** रेलवे विभाग द्वारा बीकानेर से साईं नगर शिर्डी के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन पुन: शुरू किया जा रहा है पूर्व के महीनो में यह ट्रेन विशेष अवसरों पर चलाई जाती रही हैं। इसका स्टॉपेज खंडवा स्टेशन पर नहीं दिया जाता था। इसको लेकर खंडवा सासंद ज्ञानेश्वर पाटिल रेल मंत्री और मध्य और उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधको को पत्र भी भेजकर खंडवा स्टॉपेज की मांग उठा चुके है।

इस मर्तबा त्योहारों में रेल यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह ट्रेन पुन: संचालित की जा रही हैं। सांसद पाटिल की मांग पर इसका स्टॉपेज खंडवा दिया गया है।

मध्य रेल क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की मांग को मानते हुए रेलवे विभाग ने बीकानेर शिर्डी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को खंडवा स्टेशन पर स्टॉपेज में शामिल कर दिया है।




चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सुनील बंसल, गुरमीत सिंह उबेजा, गोवर्धन गोलानी, संतोष गुप्ता आदि ने सांसद पाटिल से इस ट्रेन को खंडवा स्टॉपेज कराने की मांग रखी थी। यह ट्रेन खंडवा से शिर्डी के साथ ही व्हाया भोपाल होकर कोटा, सवाई माधोपुर, जयपुर के रास्ते बीकानेर तक ट्रेन सुविधा मिलेगी।

ट्रेन संख्या 04715 बीकानेर से दिनांक 27 सितम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 13.30 को रवाना होकर खंडवा प्रति रविवार दोपहर 12.25 बजे आएंगी तथा शाम 19.00 बजे पर शिर्डी पहुँचेंगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04716 विशेष शिर्डी से दिनांक 28 सितम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक रविवार को शाम 19.35 को रवाना होकर सोमवार रात 3.35 बजे खंडवा आएंगी तथा मंगलवार प्रात: 5.00 पर बीकानेर पहुँचेंगी।

स्टोपेजेस : बीकानेर, श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चुरू, फतेहपुर शेखावटी, लक्ष्मणगढ़, सीकर, रींगस, ढहर का बालाजी, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, शामगढ़, नागदा, उज्जैन, भोपाल, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, साईं नगर शिर्डी होगा।

**धूम दशमी** — आत्म संयम के बिना मुक्ति नहीं क्रोध कषायों को रोक देना ही संयम है : विश्रुत सागर महाराज

## पूजा अर्चना कर समाजजनों ने मंदिरों में जाकर किया धूप का खेवन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** अपने आप पर नियंत्रण करना ही सबसे बड़ा संयम है, अपने आप पर नियंत्रित किए बिना आत्म संयम नहीं होता और आत्म संयम के बिना हम मुक्त नहीं हो सकते। संयम पद में दो शब्द हैं एक सम दूसरा यम। सम शब्द का अर्थ है सम्यक प्रकार यम शब्द का अर्थ है दमन करना अर्थात दबाना। सम्यक प्रकार दबा देना आकुलता व्याकुलता को जो कि विषय भागों के दृढ़ संस्कार वश या कर्त्तव्य विहीनता वश प्रति क्षण नवीन रूप धारण करके हमारे अंत:करण में प्रवेश पाते हैं। क्रोधादि कषायों को रोक देना भी संयम है। हिंसादि पापों से अपने को रोकना भी संयम है। कोई भी आदमी मुक्त नहीं है, जो अपने आपका स्वामी नहीं है। अर्थात जिसने विकारी भावों को नहीं जीता है, अपने गुण रत्नों का स्वामी नहीं बना है वह आत्मसंयम नहीं पाल सकता। बिना इंद्रिय संयम के प्राणी संयम नहीं हो सकता।



यह उद्गार पर्युषण पर्व के छटवें दिन उत्तम संयम धर्म पर प्रवचन देते हुए उपाध्याय विश्रुत सागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि संयम का बंधन है स्वतंत्रता के लिए। अगर आप संसार से स्वतंत्र होना चाहते हैं तो संयम के बंधन में तो बंधना ही होगा, यह ऐसा बंधन है जो मनुष्य को स्वच्छंदता से बचाता है। आज सारा संसार इंद्रियों का दास बना हुआ है, बड़े-बड़े बलवान योद्धा और विचारशील विद्वान भी इंद्रियों के गुलाम बने हुए हैं और अपना अधिकतर समय इंद्रियों को तृप्त करने में लगाया करते हैं।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि जैन धर्म में पर्युषण पर्व को महान पर्व मानकर सभी श्रद्धालु दस दिनों तक अपनी क्षमता के अनुसार जहां उपवास रखते हैं वहीं एकासना के साथ दस धर्म की पूजा अर्चना एवं मुनिसंघ के प्रवचनों का लाभ उत्साह से उठा रहे हैं। समाज के अलग-अलग मंडलों द्वारा पर्व के दौरान मंदिरों में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन चल रहा है। पर्व के दौरान मंगलवार को धूप दशमी का पर्व मनाया गया।

सभी सामाजिक बंधुओं ने परिवार सहित शाम 4 से 6 बजे तक सराफा स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर, घासपुरा महावीर जैन मंदिर, पड़ावा स्थित कहान आदिनाथ जैन मंदिर, सेठी नगर में चंद्रप्रभु जैन मंदिर, मोघट रोड स्थित आदिनाथ जैन मंदिर एवं नवनिर्मित नवकार नगर में मुनिसुव्रत जैन मंदिर में पहुंचकर अपने पापो के नाश कर्म के लिए धूप का खेवन किया एवं दर्शन कर पूजा अर्चना की। धार्मिक उल्लास के साथ धूप दशमी का यह पर्व मनाया गया। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी को होगा इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं उत्तम क्षमा धर्म से शुरू हुए इस पर्व का समापन क्षमावाणी महोत्सव पर होगा। मुनि संघ के साहित्य में प्रात: काल क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा इस अवसर पर पर्युषण पर्व के दौरान उपवास करने वाले त्यागियों का सम्मान भी किया जाएगा।

उत्तम संयम धर्म के प्रवचन के दौरान समाज के विरेन्द्र भट्याण, विजय सेठी, अविनाश जैन, पंकज जैन महल, कैलाश पहाड़िया अर्पित भैया, सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी, दीपक सेठी, सुनील काला, प्रवीण सेठी, कांतिलाल जैन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।